मनुष्य के लिये आपत्ति तो सामने खडी होती है। ससार आधि-व्याधि उपाधि की खान है। जब जब कष्ट आते है तब मित्र भी बैरी बन जाते हैं। ऐसे समय मे इस यन्त्र द्वारा शाति मिलती है। आपत्ति को आपत्ति मानता रहे और हताश होता रहे तो अस्थिरता बढती

यन्त्र न० १३



है। अत इस यन्त्र को पच गध से चमेली की कलम से भोजपत्र या कागज पर लिख कर पास मे रखो और जिस मनुष्य के लिये यन्त्र बनाया हो उसका नाम यत्र मे लिखो अमुक की आपत्ति

निवारणार्थ ऐसा लिख कर समेट कर चांवल, सुपारी, पुष्प और यत्र हाथ मे दे देवे। लेने वाला मत्र को पास मे रखे और चावल सुपारी आदि जल मे प्रवेश करा देवे। आपत्ति से बचाव होगा और आपत्ति को नष्ट करने मे हिम्मत पैदा होगी। दिमाग मे स्थिरता आवेगी साथ ही अपने इष्ट देव के स्मरण को भी करता रहे। इष्ट का आराधना ऐसे समय मे बहुत सहायक होता है। और दान, पुण्य करने से आपत्ति का निवारण होता है। इस बात का ध्यान रखे। इष्ट सिद्धि होगी ॥१३॥

गृह क्लेश निवारण बीसा यन्त्र ॥१४॥

ग्रह क्लेश ग्रहस्थ के यहाँ अनायास छोटो बडी बात में हुआ करता है और सामान्य क्लेश हुआ हो तो जल्दी नष्ट हो जाता है परन्तु किसी समय ऐसा हो जाता है कि उसे दूर करने मे कई तरह की कठिनाईयां आ जाती है और क्लेश, दिन-दिन बढता रहता है। और ऐसे समय मे यह बीसा यत्र बहुत काम देता है। इस यत्र को भोज पत्र या कागज पर यक्ष कर्दम से

यन्त्र नं० १४



लिखना चाहिये और लिखने के वाद एक यंत्र को ऐसी जगह लगा देना कि जिस पर सारे कुटुम्ब की दृष्टि पडती रहे और एक यंत्र घर का मुखिया पुरुष निज के पास में रखें और पहला यत्र जिस जगह लगाया हो वह शरीर भाग से ऊ ची जगह पर लगावे और नित्य धूप खेय कर उपसम होने की प्रार्थना करे तो क्लेश नष्ट हो जाएगा। प्रत्येक कार्य में श्रद्धा रखनी चाहिये। इष्ट देव के स्मरण को कभी नही भूलना, जिससे कार्य की सिद्धि होगी ॥१४॥

लक्ष्मी प्राप्ति बीसा यन्त्र ॥१५॥

ससार मे लक्ष्मी की लालसा अधिक रहा करती है। इसीलिये लक्ष्मी प्राप्ति के लिए अनेक उपाय ससार मे गतिमान हो रहे है और ऐसे कार्यो की सफलता के लिये यह यंत्र काम मे आता है। जिसको इस यत्र का उपयोग करना हो तव उत्तम समय देखकर अष्ट

यन्त्र न० १५



गध से या पच गध से लिखले। कलम सोने की या अनार की अथवा चमेली की जैसी भी मिल सके लेकर भोजपत्र या कागज पर लिखे और यत्र को अपने पास मे रखे। हो सके तो इस तरह का यत्र तावे के पत्र पर तैयार करा, प्रतिष्ठित करा, निज के मकान मे या दुकान मे स्थापना कर नित्य पूजा करे। सुवह शाम घी का दीपक कर दिया करे तो लाभ मिलेगा। इष्टदेव के स्मरण को न भूले। पुण्य सचय करे पुण्य से आशाएँ फलती है और दान देवे तो लक्ष्मी की प्राप्ति होती है ॥१५॥

भूत-पिशाच-डाकिनी पीड़ा हर बीसा यन्त्र ॥१६॥

जव ऐसा वहम हो जाय कि भूत पिशाच-डाकिनी पीडा दे रही हो तव यत्र-मत्र-तत्र वाले को तलाश की जाती है। और इस तरह के वहम अक्सर स्त्रियो को हो जाया करते है और ऐसे वहम का असर हो जाने से दिन भर सुस्ती रहती है रोती है, रुग्णता रखती है और ऐसे वहम का असर और पाचन शक्ति कम हो जाती है। और भी कई तरह के उपद्रव

हो जाने से घर के सारे मनुष्य चिंतातुर हो जाते है ओर यत्र मत्र वालो की तलाश करने मे बहुत साधन खर्च करते है ऐसे समय मे यह बीसा यत्र काम देता है। यत्र को यक्ष कर्दम से अनार को कलम से लिखना चाहिये लिखते समय उत्तर दिशा की तरफ मुंह करके बैठना और

यन्त्र नं० १६



यत्र भोज पत्र पर अथवा कागज पर लिखवा कर दो यत्र करा लेना। जिसमें से एक यंत्र को मादलिया मे रखकर गले मे या हाथ में बांध देना। दूसरा यत्र नित्य प्रति देखकर डब्बी मे रख देना और जिस समय पीडा हो तब दो-चार मिनट तक आंखे बन्द किये बगैर यंत्र को एक दृष्टि से देखकर वापस रख देना, सो पीडा दूर हो जायेगी, कष्ट मिटेगा और धन व्यय से बचत होगी। धर्म नीति को नही छोडना ॥१६॥

बाल भय हर इक्कीसा यन्त्र ॥१७॥

बालक को जब पीडा होती है, चमक हो जाती है तब अधिक भय पुत्र की माता को

यन्त्र नं० १७

१०	३	८
५	७	९
६	११	४

हुआ करता है और जिस प्रकार से हो सके पीडा मिटाने का उपाय किये जाते है, और घर के सब लोग ऐसा अनुमान करते है कि किसी की दृष्टि लगने से या भय से अथवा चमकते यह पीडा हो गयी है। इस तरह की पीडा दूर करने मे यह यंत्र सहायक होता है। जब यत्र तैयार करना हो तब भोजपत्र अथवा कागज पर यक्ष कर्दम से अनार की कलम लेकर लिखना चाहिये। जब यत्र तैयार हो जाय तब समेट कर कच्चे रेशमी धागे से सात अथवा नौ आटे देकर मादलिये मे रख गले मे या हाथ मे बाधने से पीडा मिट जाती है। आपत्ति चिंता का नाश हो जाता है। बालक आराम पाता है। नित्य इष्टदेव के स्मरण को नही भूलना चाहिये ॥ १७ ॥

नजर दृष्टि चौबीसा यन्त्र ॥१८॥

बालक को दृष्टि दोष हो जाता है। तब दूध पीने या कुछ खाते समय अरुचि हो जाने से वमन हो जाता है। पाचन शक्ति कम हो जाने से मुखाकृति रक्त रहित दिखने लगती

यन्त्र न० १८

७	६	११
१२	८	४
५	१०	९

है। इस तरह की हालत हो जाने से घर मे सबको चिंता हो जाती है। इस तरह परिस्थिति मे चौवीसा यत्र भोजपत्र अथवा कागज पर अनार की कलम लेकर यक्ष कर्दम से लिखना चाहिये और मादलिये मे रख गले मे या हाथ पर बाधना और जिस मनुष्य का या स्त्री की दृष्टि की दृष्टि दोष हुआ हो उसका नाम देकर दृष्टि दोष निर्वाणार्थ लिखना चाहिये यदि नाम स्मरण न हो तो केवल इतना ही लिखना कि दृष्टि दोष निर्वाणार्थ यत्र तैयार हो जाय तब समेट कर कच्चे रेशमी धागे मे आटे दैकर यत्र के पास मे रखे या गले पर या हाथ पर पर बाधे तो दृष्टि दोप दूर हो जाता है ॥ १८ ॥

प्रसूती पीड़ा हर उन्तीसा यन्त्र ॥१६॥

यह यत्र उन्तीसा और तीसा कहलाता है। उपर के तीन कोठे और बायी तरफ के तीन कोठो मे तो उन्तीस का योग आता है। औरमध्यभाग के तीनों कोठे और नीचे के

यन्त्र न० १६

१५	६	८
२	१०	१८
१२	१४	४

तीन कोठे ओर ऊपर से नीचे तक मध्य विमाना व दाहिनी ओर के तीन कोठों मे तीस का योग आता है गर्भ प्रसव के समय मे यदि पीडा हो रही हो तब इस यंत्र को कुम्हार के अवाड़े की कोरी कोठरी पर अष्ट गध से लिखकर बताने से प्रसव सुख हो जाएगा। बताने के बाद भी पीडा होती है तो यत्र को पीतल या ताबे के पत्ते पर या थाली मे अष्ट गध से अनार की कलम से लिख कर धूप देकर धोकर पिलाने से पीड़ा मिटती है ओर प्रसव सुखपूर्वक हो जायगा ॥ १६ ॥

गर्भ रक्षा तीसा यन्त्र ॥२०॥

यह यत्र जब प्रसव का समय निकट नही और पेट मे दर्द या और तरह की पीडा

यन्त्र नं० २०

१६	२	१२
६	१०	१४
८	१८	४

होती है तो उस यन्त्र को अष्ट गध से लिखकर पास मे रखने से पीडा मिटेगी। अकाल मे प्रसव नही होगा और शरीर स्वस्थ रहेगा ॥ २० ॥

गर्भ रक्षा पुष्टि दाता बत्तीसा यन्त्र ॥२१॥

यह यत्र गर्भ रक्षा के लिए उत्तम माना गया है। जब महिने दो महिने तक गर्भ स्थिर रहकर गिर जाता हो अथवा दो चार महीने बाद ऋतुस्राव हो जाता हो तो इस यंत्र को अष्ट गध से तैयार करके पास मे रख लेने से या कमर पर बाधने से इस तरह के दोष

यन्त्र न० २१

८	१५	२	७
६	३	१२	११
१४	९	८	१
४	५	१०	१३

मिट जाते हैं। गर्भ की रक्षा होती है और पूर्ण काल मे प्रसव होता है। विशेष कर गर्भ स्थित रहने के पश्चात् बाल बुद्धि से जो स्त्री ब्रम्हचर्य नही पालती हो अथवा गर्म पदार्थ खाती पीती हो उसी गर्भ स्राव होना सभव है। और दो चार बार इस त ह हो जाने से प्रकृति ही ऐसी बन जाती है। इसलिये ऐसे अमगल करने वाले कार्य को नही करना चाहिये और यत्र पर विश्वास रखकर शुद्धता से रखेगे तो लाभ होगा ॥ २१ ॥

भयहर सुव्वं व्यवसाय वर्धक चौतीसा यन्त्र ॥ २२ ॥

इस यन्त्र को निज जगह व्यवसाय की रोकड रहती हो या धन-सम्पत्ति रखने का स्थान हो या तिजोरी के अन्दर दीवाली के दिन शुभ समय लिखकर दीप, धूप, पुष्प से पूजा करते रहना। यदि नित्य नही हो सके तो आपत्ति भी नही है। इस यन्त्र को अष्टगध से लिख-

यन्त्र नं० २२

१	१४	४	१५
८	११	५	१०
१३	२	१६	३
१२	७	९	६

कर पास मे रखा जाय तो उत्तम है। तांबे के पत्रे पर तैयार कर प्रतिष्ठित करके तिजोरी मे रखना भी अच्छा है। जैसा जिसको अच्छा मालूम हो करना चाहिए ।। २२ ।।

मंत्राक्षर सहित चौंतीसा यंत्र ।। २३ ।।

यह चौतीसा यन्त्र बहुत चमत्कारी है। धन की इच्छा करने वाले और ऋद्धि सिद्धि जय विजय के इच्छुक लोगो की मनोकामना सिद्ध करने वाला यह यन्त्र है। इस यन्त्र को ताँबे

यन्त्र न० २३

ॐ	ह्री	श्री	वली	ध	न
कुरु	९	१६	८	१	दा
कुरु	६	३	१३	१२	य
द्धि	१५	१०	२	७	म
सि	४	५	११	१४	म
य	ज	द्धि	वृ	द्धि	ऋ

के पतडे पर तैयार कर प्रतिष्ठित करा लेवे और हो सके तो मंत्र एक लाख जाप यन्त्र के सामने धूप, दीप, रख कर लेवे। यदि इतना जाप नही हो सके तो साढे वारह हजार जाप तो अवश्य कर लेना चाहिये। जाप करते मत्र वोला जाय उसमे एक गुरु कम है वह यह है कि मत्र के अन्त मे स्वाहा पल्लव से जाप करता जाय अर्थात कुरु कुरु स्वाहा करना चाहिये जिसमे मत्र शक्ति वढ़ेगी और यत्र-मत्र नव पल्लवति जैसा होकर लाभ पहुँचायगा। जाप करते समय एक यंत्र भोज पत्र पर तैयार कर जाप करते समय तावे के पतडे वाले यत्र के पास ही रखे। जव जाप सम्पूर्ण हो जाये तव भोजपत्र वाले यन्त्र को नित्य अपने पास में रखे और तावे के यत्र को, दुकान मे या मकान मे स्थापित कर नित्य दीप, पूजा किया करे। इतना कर लेने के वाद हो सके तो मत्र को एक माला नित्य फेर लवे। और नही हो सके तो कम से कम २१ जाप तो अवश्य करना चाहिये। श्रद्धा रख कर इष्ट देव का स्मरण करता रहे। नीति से चले और दान पुण्य करता रहे तो लाभ होगा ॥ २३ ॥

प्रभाव प्रशंसा वर्धक चौतीसा यंत्र ॥ २४ ॥

चौतीसा यत्र वहुत प्रसिद्ध है। और व्यापारी वर्ग तो इस यत्र का बहुमान विशेष प्रकार से करते हैं। मेदा पाट मरु भूमि और मालव प्रात मे व्यापारी लोग अपनी दुकान पर

यन्त्र न० २४

९	१६	२	७
६	३	१३	१२
१५	१०	८	१
४	५	१	१४

दीवाली के दिन लिखते है प्राचीन काल मे ऐसी प्रथा चलती हैं। कि शुभ समय मे सिन्दुर से गणपति के पास लिखते है। दरवाजे पर, मकान की दीवार पर लिखना हो तो हडमची से लिखना चाहिए। इस यत्र को लिखने के वाद धूप, पूजा कर नमस्कार करने से व्यापार चलता रहता है। और व्यापारियो मे इज्जत वढती है प्रशसा होती है और ऐसे यत्र भोज पत्र पर लिख-

कर पास में रखने से व्यापारी वर्ग में आगे वान की गिनती में आ जाता है। हर एक कार्य में लोग सलाह पूछने आयेंगे। परन्तु साथ ही कुछ योग्यता, बुद्धिमान, धैर्यता और निष्पक्षता भी होना चाहिये। सस्कार न हो और मिलन सार भी न हो तो यंत्र से साधारण फल मिलेगा। और परोपकारी स्वभाव होगा तो विशेष फल मिलेगा ॥ २४ ॥

धन प्राप्ति छत्तीसा यंत्र ॥२५॥

इस छत्तीसे यत्र को दीवाली के दिन रात्रि में लिखना चाहिये। शुभ मे दुकान के अन्दर सामने दरवाजे या मगल स्थापना के दाहिनी और अथवा दुकान के अन्दर सामने की

यत्र नं. २५

१०	१७	२	७
६	३	१४	१३
१६	११	८	१
४	५	१२	१५

दीवार पर सिन्दूर से लिखे तो व्यापार बढता है। व्यापार करते समय किसी प्रकार का भय, सकट आता हो तो मिट जायगा, प्रभाव बढेगा और इस यंत्र को भोज पत्र पर लिख कर पास मे रखना भी शुभ सूचक है ॥२५॥

सम्पत्ति प्रदान चालीसा यंत्र ॥२६॥

चालीसा यत्र दो प्रकार का है। दोनो उत्तम है जो सामने है इस यंत्र को किसी भी महिने की सुदी पक्ष की एकादशी के दिन अथवा पूर्णिमा के दिन पच गध से लिखना चाहिये पंच गंध (१) केसर (२) कस्तूरी (३) कर्पूर (४) चन्दन (५) गोरोचन इन पाचो को मिश्रित कर उत्तम गध बनाकर स्वच्छ भोजपत्र पर लिखना चाहिये। यह यत्र पास में हो तो चोर, भय, मिटता है और नदी के किनारे या तालाब की पाल पर बाव आसन बिछाकर बैठे।

शुभ समय मे यत्र लिखे। लिखते समय दृष्टि जल पर भी पडती रहे और लिखते समय धूप, दीप, अखड रखे तो मने इच्छा पूर्ण होती है। इतना स्मरण रखना चाहिये कि ब्रह्मचर्य पालन

यत्र न २६

१२	१९	२	७
६	३	१६	१५
१८	१३	८	१
४	५	१४	१७

मे सभ्यता का व्यवहार करने मे और शुद्ध सम्यक वृती से रहने मे किसी प्रकार से कमी नही होनी चाहिये। आचरण शुद्ध रखने से क्रिया साधन फल देती है।।२६।।

ज्वर पीड़ा हर साठिया यंत्र ।।२७।।

यह साठिया यत्र ज्वर ताप एकान्तरा तिजारी आदि के मिटाने के काम मे आता है इस तरह के डोरे धागे व यत्र बनवाने की प्रथा छोटे गावो मे विशेष होती है और जो लोग

यत्र न. २७

१	९	१	१८
६	१३	१७	४
१९	२	८	११
३	१६	१४	७

जिसमे श्रद्धा रखते है उनको मत्र तत्र यंत्र फलते भी है इस तरह के कार्य मे इस यत्र को अष्ट

गध से तैयार कराके पास मे रखने से पीडा दूर होती है शाति मिलती है। भोजपत्र पर अथवा कागज पर लिख पीडित के गले या हाथ पर बांधने से अथवा पास में रखने से लाभ होता है। इस यत्र को कासे के स्वच्छ पात्र मे अष्ट गध से लिखकर पी सकता है, उत्तम पानी से धोकर पानी पिलाने से सभी ज्वरादि पीडा नष्ट हो जाती है ॥२७॥

चोबीस जिन पेसठिया यंत्र ॥२८॥

अथ पंच षष्टि यत्र गर्भित चतुर्विशति जिन स्तोत्रम। वन्दे धर्म जिनसदा सुख करं चन्द्र प्रभं नाभिज। श्री मन्दिर जिनेश्वर जय करं कुन्थुं च शाति जिनम्। मुक्ति श्री फल दायनन्त मुनिप बधे सुपार्श्व विभुं। श्री मन्मेध नृपात्म जंच सुखद पार्श्व मनाडे भीष्टदम ॥१॥ श्री नेमीश्वर सुव्रतोच विमल पद्म प्रभ सावर सेवे सभव श गूर नमि जिन मल्लि जया नदनम्। बदे श्रीजिन शीतल च सुविध सेवेड जित मुक्ति द श्री संघ वतपञ्च विशति नभ साक्षा दर वैष्णवम् ॥२॥ स्तोत्रं सर्व जिनेश्वरे रभिगत मन्त्रेषु मत्र वर एतत् स सङ्गत यत्र एव विजयो द्रव्यौ लिखित त्वाशु भे. पार्श्वे सन्धिरण भाणा सब सुखदो माङ्गल्यमाला प्रदो वामागे वनिता नारास्त दितरे कुर्वन्तुये भावतः ॥३॥ प्रस्थाने स्थिति युद्धवाद करणे राजादि सन्दर्शने। वश्यार्थे सुत हेत वैधन कृते रक्षन्तु पार्श्वे सदा। मार्गे सविण मे दवाग्नि ज्वलिते चिन्ता दिनि नशिने। यत्नो ऽय मुनि नेत्रसिह कविता सङ्ग स्थित सौख्यदः ॥४॥ इति पच षष्टि यत्र स्थापना ॥२८॥ उपर बताया हुआ स्तोत्र बोलते जाइये और जिन तीर्थंकर भगवान के नाम का अंक आवे, उतनो अंक सख्या लिखने से पेसठिया यत्र तैयार हो जाता है। इस तरह के यत्र को, ताबे के पतडे पर तैयार कर शुद्ध

यत्र न. २८

२२	२९	२	७
६	३	२६	२५
२८	२३	८	१
४	५	२४	२७

कराने के वाद घर में स्थापित कर ऊपर बताया हुआ स्तोत्र नित्य पढे, स्तुति बोल कर नमन करना चाहिये। इस तरह के यत्र को भोजपत्र पर लिखवा कर पास मे रखने से परदेश

जाते समय अथवा परदेश मे रहते समय मे लाभ होता रहेगा। किसी के साथ वाद विवाद करने से जय प्राप्त होगी राजा के पास अथवा और किसी के पास जाने से आदर होगा। नि. सन्तान को पुत्र प्राप्ति होगी निर्धन को धन प्राप्त होगा। मार्ग मे किसी प्रकार का भय नही होगा चोरो के उपद्रव से बचाव होगा। अग्नि प्रकोप से पीडा न होगी और अकस्मात भय मे

यत्र न. २६

१५	८	१	२४	१७
१६	१४	७	५	२३
२२	२०	१३	६	४
३	२१	१६	१२	१०
६	२	१५	१८	११

रक्षा होगी चिता नष्ट होगी प्रत्येक कार्य मे विजय प्राप्त होगी इसीलिये जो अपना भविष्य उज्जवल बनाना चाहते हैं उन पुरूषो को इस यत्र का आराधना करनी चाहिये। दूसरा चोबीस जिन पेसठिया यत्र ॥२६॥

पंचा षष्टि यंत्र गर्भित ॥२६॥

श्री चतुर्विशित जिन स्तोत्रम्। आदि नेमि जिन नौमी सभव सुविध तथा, धर्म नाथ महादेव शाति शाति कर सदा ॥१॥ अनंते सुव्रत भक्तया नमि नाथ जिनोत्तमम्। अजित जित कन्दर्प चन्द्र चन्द्र समप्रभम् ॥२॥ आदिनाथ तथा देव सुपार्श्व विमलंजिन। मल्लि नाथ गुणोपेत धनुषा पध विशतिम् ॥३॥ अरनाथ महावीर सुमति च जगद गुरूम् श्री प्रद्म प्रभ भान। वासुपूज्य सुरैर्नतम् ॥४॥ शीतल शीतल लोके श्रेयास श्रैयसेसदा। कुन्थु नाथ चवामेय श्री अभिनन्दन जिनम् ॥५॥ जिनाना नामभिर्वद्ध पचषष्टि समुद्भवा। यंत्रो ऽय राजते लोके श्रेयास यत्र तत्र सोऽयम् निरन्तरम् ॥२६॥ यस्मिन गृहे महा भक्तया यन्त्रो ऽय पूज्यते बुधै। भूतप्रैतेपिशाचादि भय तत्र न विद्यते ॥७॥ सकल गुण निधान यत्र मेन विशुद्वम्। हृदय

कमल कोषे धी मता ध्येय रूपम्। जयतिलक गुरू श्री सूरि राजस्य शिष्यो वदति सुख निदान। मोक्ष लक्ष्मी निवासम् ॥८॥ दूसरे पेसठिये यंत्र की स्थापना ॥२९॥ इस यंत्र का जो स्तोत्र आठ श्लोक का बताया है उसका पाठ करते समय जिन तिर्थंकर का नाम आवे उनकी सख्या का अंक लिखने से पेसठिया यत्र तैयार हो जाता है। इस यत्र का महात्मय भी बहुत है। यंत्र के

यत्र नं. २९

२२	३	९	१५	१६
१४	२०	१९	२	८
१	७	१३	१९	२५
१८	२४	५	६	१२
१०	११	१७	२३	४

विधानानुसार ही तैयार करना चाहिये। जिस घर मे एसे यंत्र की स्थापना पूजा हुआ करती है उस घर मे आनन्द मगल रहा करता है जो मनुष्य इस यंत्र की आराधना करते हैं उनको प्रत्येक प्रकार के सुख मिलते है। और जिस मकान मे स्थापना की हो वहां पर भूत-प्रेत पिशाच का भय नही होता। अगर हुआ हो तो नष्ट हो जाता है। इस यंत्र का जितना आदर करेंगे उतना ही अधिक सुख पा सकेंगे। इस यंत्र को निज के पास रखना हो तो भोज पत्र पर तैयार कराके रखना चाहिये। ऐसे यंत्र शुद्ध अष्ट गंध से लिखने से लाभ देते है ॥२९॥

लक्ष्मी प्रदान अडसठिया यंत्र ॥३०॥

यह अडसठिया यंत्र बहुत प्रसिद्ध है। कई लोग दीवाली के दिन शुभ समय दुकान के मगल के स्थान पर लिखते है। इस यत्र मे यह खूबी है कि लक्ष्मी प्राप्ति के हेतु चमेली की

यय न० ३०

२	२८	८	३०
१६	२२	१०	२०
२६	४	३२	६
२४	१४	१८	१२

कलम लेकर अष्टगंध से लिखना चाहिये। और समेट कर रेशम लपेट कर निज के पास रखना और व्यापार करते समय तो य त्र को पास मे रख कर ही करना चाहिये ॥३०॥

नित्य लक्ष्मी लाभ दाता बहतरिया यन्त्र ॥३१॥

बहतरि यंत्र के लिये कई मनुष्य खोज करते है। म त्र का मिल जाना तो सहज बात है परन्तु विधान का मिलना कठिन बात है। इस य त्र को सिद्ध करते समय जहा तक हो सके सिद्ध षुरूप की सानिध्यता मे करना चाहिये और सिद्ध पुरूष का योग नही मिल सके तो किसी य त्र के जानकार की सानिध्यता मे करना चाहिये शुभ दिन देख कर शरीर व वस्त्र

यंत्र न० ३१

२५	२०	२६
२६	२४	२३
२१	२८	२३

शुद्धता का उपयोग कर अधिष्ठाता देव को सान्ध्य समझ कर प्रात काल मे ढाई घडी कच्ची दिन चढे पहले अष्ट गध से कागज पर बहत्तर य त्र लिखना चाहिये। कलम जैसी अनुकूल

आवे चमेली की या सोने की निव से लिखे जब य त्र लिखने वैठे तब तक पूर्व दिशा की और मुख रखना चाहिये, आसन सफेद लेना चाहिये, उत्तम बताया है लिखते समय मौन रख कर लिखने के विधान को पूरा करले, वे जब यंत्र लेखन पूरा हो जाय जब य त्र को एक स्वच्छ पट्ठे पर स्थापन अगर बत्ती लगा देवे दीपक स्थापन करे और ढाई घडी दिन बाकी रहे तब अर्थात सूर्यास्त से ढाई घडी पहले लिखे हुये य त्रो को ऊचे रख कर पानी से धोकर कागज भी जलाशय मे डाल देवे। यह सब क्रिया समय पर ही करने का पूरा ध्यान रखे। एक विधान ऐसा भी है कि बहत्तर य त्र अलग-अलग कागज पर लिखना चाहिये। और कोई एक कागज पर लिखना बताते है। जैसा जिसको ठीक मालूम हो सुविधा अनुसार लिखे। इस प्रकार से बहत्तर दिन तक ऐसी क्रिया करना चाहिये। और बहत्तर दिन ब्रह्मचर्य पालना चाहिये सत्य निष्ठा से रहना और कुछ तपस्या करे जिससे क्रिया फलवती होगी। इस प्रकार से बहत्तर दिन पूरे हो जाय और तिहत्तरवे दिन १ प्रातः काल ही बहत्तर यंत्र लिखकर एक डब्बी मे लेकर दुकान में रख देवे या गल्ले मे, तिजोरी मे या ताक मे रखकर नित्य पूजा कर लिया करे। इस तरह करते रहने से धन की आय और इज्जत, मान, सम्मान की वृद्धि होगी। सुख और सौभाग्य बढता है। इष्ट देव के स्मरण को वीनत्य, सत्य, निष्टा धर्म नीति को नही छोडना चाहिये १ तिहत्तर दिन प्रात· काल यंत्र लिख कर डब्बी मे रख देवे य त्र की पूजा कर धूप, दीप, रखना, कुछ भेट भी रखना और दिन रात अखड जोत रखना ॥३१॥

सर्प भय हर अस्सीया यन्त्र ॥३२॥

इस यन्त्र का विशेष करके सर्प के उपद्रव मे काम आता है। जब सर्प का भय

यन्त्र नं० ३२

३२	३९	२	७
६	३	३६	३५
३८	३३	८	१
४	५	३४	३७

उत्पन्न हुआ या मकान मे वरावर निकलता हो अथवा घर नही छोडता हो तो अस्सीया यत्र सिन्दूर से मकान की दीवार पर लिख कर और जहाँ तक हो ऐसी जगह लिखना चाहिये कि जहाँ सर्प की दृष्टि यत्र पर गिर जाय अथवा कासी को थाली मे लिखा हुआ तैयार रखे सो जव सर्प निकले जव उसे थाली वता देवे सो सर्प का भय मिट जायेगा। और उपद्रव नही करेगा। विधान तो वताता है कि सर्प उस मकान को छोडकर ही चला जायगा। किन्तु समय का फेर हो तो इतना फल नही देता है तो भी उपद्रव भय तो नही रहेगा। ऐसा समय घर मे सर्प हर नाम की औषधि जो काश्मीर जिले में बहुतायत से मिलती है मगवा कर घर मे रखने से सर्प तत्काल निकल जायेगा। लेकिन सर्प को मारने की बुद्धि नही रखना चाहिये। सर्प को सताने से वह क्रोध कर के काटता है वह समझता है मुझे मारते है और सताया न जाप तो वह अपने आप चला जाता है ॥३२॥

भूत प्रेत हर पिच्चासिया यंत्र ॥३३॥

अक्सर (प्राय) जब मकान मे कोई नही रहता हो और वहुत समय तक बेकार सा पडा हो तो ऐसे मकान मे भूत प्रेत अपना स्थान बना लेते है और भूत प्रेत नही भी बसते हो और मकान मे रहने लगे उसके बाद कुछ अनिष्ट हो जाय तो उस मकान मे परिवार

यन्त्र न० ३३

३४	४२	२	७
६	३	३९	३७
४१	३५	८	१
४	५	३६	४०

के लिये वहम सा हो जाता है और मकान को खाली कर देते हैं। लोकवाणी फैल जाती है और ऐसे मकान मे कोई विना किराये भी रहने को तैयार नही होता है। ऐसी अवस्था

मे यत्र को पक्ष कर्दम से मकान की दीवार पर अन्दर के भाग में लिखें। और आवश्यकता हो तो प्रति मकान मे लिखना भी बुरा नही है। यत्र लिखने के बाद हाथ जोड कर प्रार्थना करे कि हे देव स्वस्थान गछ इस तरह करने से उपद्रव शात हो जायगा और सुख पूर्वक मकान मे रह सकेगे। देव धूप दिल से प्रसन्न होते और प्रार्थना स्वीकार करते है। इसलिये इक्कीस दिन तक सायकाल के समय एक घो का दोपक कर धूप खेव देनी चाहिये ॥३३॥

सुख शांति दाता: इक्याणवे का यन्त्र ॥३४॥

कभी कभी ऐसा बहम हो जाता है कि इस मकान मे आये बाद घर मे से बीमारी नही निकलती है या सुख से नही रहने पाते है। कोई न कोई आपत्ति आ ही जाती है। इस तरह के कारण से उस मकान को छोडने की भावना हो जाती है। ऐसा प्रसग आ जाय तो इस यत्र को यक्ष कर्दम से मकान के अन्दर व दरवाजे के बाहरी भाग पर लिखना चाहिये। सायकाल को धूप खेव कर प्रार्थना करना चाहिये कि यत्राधिष्ठायक देव सुख शाति कुरू २ स्वाहा· इस तरह से इक्कीस दिन तक करने से सुख-शाति रहेगी और बहम मिट जायगा ॥३४॥

यन्त्र नं० ३४

३७	४५	२	७
६	३	४२	४०
४४	३८	८	१
४	५	३९	४३

गृह क्लेश हर निन्यानवे का यन्त्र ॥३५॥

गृहस्थी के गृह सस्कारो व्यवसाय के लिये अथवा विशेष कुटुम्ब के कारण या यो कह दीजिये कि स्त्रियो के स्वभाव के कारण जरा सी बात पर मन मुटाव हो जाता है ओर उसे न सभाला जाय तो घर मे क्लेश बढ़ जाता है। जिस घर मे इस तरह के क्लेश होते है उनकी

आजीविका भी कम हो जाती है और व्यवसाय व व्यवहार मे शोभा भी कम हो जाती है। वाहर के दुश्मन से मनुष्य सम्भल के रह सकता है किन्तु घर का दुश्मन खडा हो तो आपत्ति रूप हो जाती है। धन, वैभव, मकान मिलकियत वही दस्तरे, खत, खतुन जिसके हाथ आई हो दवा देता है। ओर ऐसी अवस्था हो जाने से घर की इज्जत कम हो जाती है। इस तरह की परिस्थिति हो तव इस यत्र को यक्ष कदर्म से मकान के अन्दर और खास कर पणिहारे पर और चूल्हे के पास वाली दीवार पर लिखे और अगरवत्ती या धूप सायकाल को कर दिया करे। इस तरह से इक्कीस दिन तक करे और वाद मे आपस मे फैसला करने बैठे तो कार्य निपट जायगा। साथ ही स्मरण रखना चाहिये कि न्याय नीति और कर्तव्य पूर्वक कार्य करोगे तो सफलता मिलेगी। घर की वात को वाहर नही फैलने देना चाहिये। इसी मे शोभा है इज्जत की रक्षा है। जो लोग स्त्रियो के कहने मे आकर भ्रात प्रेम कुटुम्ब स्नेह और कर्तव्य को भूल जाते है। उनका दिन मान विगडा समझना। प्रत्येक कार्य मे इष्ट देव को न भूलना चाहिये ॥३५॥

यन्त्र न० ३५

३६	२९	३४
३१	३३	३५
३२	३७	३०

पुत्र प्राप्ति गर्भ रक्षा यन्त्र ॥३६॥

यह सौ का यत्र है और इसको आशा पूर्ण यत्र भी कहते है। जिसको सन्तान नही हो या गर्भ स्थिति के वाद पूर्ण काल मे प्रसन्न होकर पहले ही गिर जाता है तो यह यत्र काम देता है। इस यत्र को अष्ट गध से लिखना चाहिये। अष्ट गध वनाने मे (१) केशर (२) कपूर (३) गोरोचन (४) सिन्दुर (५) हीग (६) खैरसार, इन सव को वरावर लेना परन्तु केशर विशेष डालना, जिससे लिखने जैसा रस तैयार हो जायगा इतना कार्य शुद्धता पूर्वक करके भोज पत्र पर दीवाली के दिन मध्यरात्रि मे तैयार कर स्त्री गले पर या हाथ पर जहाँ ठीक मालूम हो वाध देवे। पुत्र के इच्छुक हो तो पत्नि-पति दोनो को वाधना वैसे तो कर्म

यन्त्र न० ३६

४२	४९	२	७
६	३	४६	४५
४८	४३	८	१
४	५	४४	४०

प्रधान है। जैसे कर्म उपार्जन किये होगे वैसा ही फल मिलेगा--परन्तु उद्यम उपाय भी पुरुषों को वताए हुए है, करने मे हानि नही है। अपने इष्ट देव को स्मरण करते रहे पुण्य प्राप्त करना सो क्रिया फल देगी। स्त्री गर्भ धारण करेगी, पूर्ण काल मे प्रसव होगा अपूर्ण समय मे गर्भ-पात नही होगा ऐसा इस यन्त्र का प्रभाव है। श्रद्धा विश्वास रखने से सर्व कार्य सिद्ध होते है। पुण्य धर्म साधन नीति व्यवहार से आशा फलती है ॥३६॥

ताप ज्वर पीड़ा हर एक सौ पांचवा यन्त्र ॥३७॥

यह एक सौ पाँचवा यन्त्र है। ताप ज्वर एकान्तरा तिजारी को रोकने से काम देता है।

यन्त्र नं० ३७

५६	७	४२
२१	३५	४९
२८	६३	१४

भोज पत्र पर या कागज पर लिख कर धागे डोरे से हाथ पर वाधने से ताप ज्वरादि मिट जाते

जाते हैं। यन्त्र तैयार हो जायेगा तव धूप से खेव कर इक्कीस वार ऊपर कर पीडा वाले को वाधने से ज्वर पीडा मिट जाय तव यन्त्र को कूए के पानी मे डाल देना, विश्वास रखना और इष्ट देव को स्मरण करते रहना ॥३७॥

सिद्धि दायक एक सौ आठवां यन्त्र ॥३८॥

इस यन्त्र को अष्ट गध से भोज पत्र या कागज पर लिखना चाहिये। कलम चमेली की लेना चाहिए। सोने की नीव हो तो और भी अच्छा है। यत्र तैयार कर वाजोट पर रखकर धूप,

यन्त्र न० ३८

४६	५३	२	७
६	३	५०	४९
५२	४७	८	१
४	५	४८	५१

दीप, पुष्प चढा कर पूजन वास क्षेप तप से पूजा कर सामने फल नैवेद्य चढा कर नमस्कार कर यत्र को समेट कर पास मे रखो। यत्र जिस कार्य के लिये वनाया हो उसका सकल्प यत्र की पूजा करने के वाद खयाल कर नमस्कार कर लेवे और जहा तक कार्य सिद्ध न हो तव तक प्रात काल मे नित्य प्रति धूप से या अगरवत्ती से खेव लिया करे। इष्ट देव का स्मरण कभी न भूले। कार्य सिद्ध होगा ॥३८॥

भूत प्रेत कष्ट निवारण एक सौ छत्तीस यन्त्र ॥३९॥

इस यन्त्र को मकान के वाहर भी लिखते है और पास मे भी रखने को वताया जाता है। वैसे तो लिखने का दिन दीवाली की रात्रि को वताया है। परन्तु आवश्यकता अनुसार जव चाहे लिखले और हो सके तो अमावस्या की रात्रि मे लिखना जिसमे यन्त्र लाभ दायक होगा।

जब भूत प्रेत डाकिनी का भय उत्पन्न हुआ हो तो इस यन्त्र को बाधनेसे मिट जायगा और इसी

यन्त्र न० ३९

४	५६	१६	६०
३२	४४	२०	४०
५२	८	६४	१२
४८	२८	३६	२४

तरह के कष्ट होगे तो वह भी इस यन्त्र के प्रभाव से कम हो जायेगे और सुख प्राप्त होगा। इस तरह यन्त्र को भोज पत्र पर या कागज पर अष्ट गंध से लिखना चाहिये और मकान की दीवार पर सिन्दूर से लिखना चाहिये ॥३९॥

पुत्रोत्पति दाता एक सौ सत्तरिया यन्त्र ॥४०॥

यह सौलह कोठे का यन्त्र एक सौ सत्तरिया है। इस यन्त्र से धन प्राप्ति मे जय विजय

यन्त्र नं० ४०

७७	८४	२	७
६	३	८१	८०
८३	७८	८	१
४	५	७९	८२

म, पुत्र प्राप्ति के हेतु वनाना हो तो अष्ट गध से लिखना चाहिये। भोज पत्र पर काला दाग न हो और स्वच्छ हो। कागज पर लिखे तो अच्छा कागज लेवे और शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा (पूर्णा) तिथि पचमी दशमी पूर्णिमा को अच्छा होगा देख कर तैयार करे। लेखनी चमेली की या सोने की नीव से लिखे और पास मे रखे तो मनोकामना सिद्ध हीगी और सुख प्राप्त होगा। धर्म पर पावन्द रह पुण्योपार्जित करने से आशा शीघ्र फलती है। इष्ट देव के स्मरण को नही भूलना चाहिये ॥४०॥

एक सौ सत्तारिया दूसरा यन्त्र ॥०१॥

इस यन्त्र को लक्ष्मी प्राप्ति हेतु जय विजय के निर्मित इस यन्त्र को भी काम लेते हैं। गर्भ रक्षा और अन्य प्रकार की पीडा मिटाने के लिये भी काम लेते है गर्भ रक्षा करने के लिए इस यत्र को अच्छे दिन शुभ समय मे अष्ट गध से भोजपर पत्र अथवा कागज पर लिखना चाहिये।

यन्त्र न० ४१

४५	३६	५०	३९
४२	४७	३७	४४
३५	४६	४०	४९
४८	३१	४३	३८

ये एक सौ सत्तरिया दोनो यन्त्र लाभदायी है। नीति न्याय पर चलना चाहिए और इष्ट देव को स्मरण करते रहना जिससे यन्त्राधिष्टायक देव प्रसन्न होकर मनोकामना सिद्ध करेगे। यन्त्र मादलिया में रखे या मोम के कागज में लपेट कर पास मे रखे ॥४१॥

व्यापार वृद्धि दो सौ का यंत्र ॥४२॥

इस य त्र का दो विधान है। पहला विधान तो यह है कि दीवाली के दिन अर्ध रात्रि के समय सिन्दुर या हीगुल से दुकान के वाहर लिखे तो व्यापार की वृद्धि होती है। दूसरा

विधान यह है इस य त्र को भोज पत्र पर अथवा कागज पर पच गंध से लिखे जिसमे केशर, कस्तूरी कपूर, गोरोचन और चदन का मिश्रित हो उत्तम पात्र मे पच गध से तैयार कर चमेली की कलम से लिखे। यह य त्र विशेष कर दीवाली के दिन अर्ध रात्रि के समय लिखना चाहिये

यत्र न० ४२

९२	९९	२	७
६	३	९६	९५
९८	९३	८	१
४	५	९४	९७

और ऐसा समय निकट नही हो और कार्य की आवश्यकता हो तो अमावस्या के अर्ध रात्रि के समय लिख, और जिसके लिये बनाया गया हो, उसी समय प्रात. काल दे देवे। यंत्र को पास में रखने से ऋतु वीन्त का स्त्राव नही रूकता हो तो रूक जायेगा। गर्भ धारण करेगा और रक्षा होगी इष्ट देव का स्मरण नित्य करना चाहिये ॥४२॥

लक्ष्मी दाता पांच सो का यंत्र ॥४३॥

इस यंत्र को पास मे रखने से लक्ष्मी प्राप्ती होगी और विधान इसका यह है कि

यत्र न० ४३

२४२	२४९	२	७
६	३	२४६	२४५
२४८	२४३	८	१
४	५	२४४	२४७

पुत्र की इच्छा वाले पति-पत्नी पास मे रखे तो आशा फैलेगी। शुभ कामना के लिये अष्ट गध से लिखना और वेरी, पुत्र पराजय के हेतु यक्ष कर्दम से लिखना चाहिये। कलम चमेली की लेना और यत्र मादलिया मे रख पास मे रखना अथवा कागज मे लपेट कर जेव मे रखना। धर्म के प्रताप से आशा फलेगी। दान पुण्य करना धर्म निष्ठा रखना ॥४३॥

सात सो चोबीस यंत्र ॥४४॥

इस यंत्र को एक सो इक्यासिया य त्र भी कहते है। इस य त्र को वशीकरण य त्रको

यत्र नं० ४४

१८१	१८१	१८१	१८१
१८१	१८१	१८१	१८१
१८१	१८१	१८१	१८१
१८१	१८१	१८१	१८१

चाँदी के पतडे पर तैय्यार करा कर प्रतिष्ठा कराकर पूजा कराने से भी लाभ होता है जिसको जैसा योग्य मालूम हो करा लेवे। धर्म पर श्रद्धा रखे। इष्ट देव का स्मरण किया करे ॥४४॥

लक्षिया यंत्र ॥४५॥

इस य त्र को सोना गेरू सेलिख कर अपने पास रखने से अग्निभय से वचाव होता है। जिन लोगो को मातेहाती मे काम करना पडता है और उपरी अधिकारी वार २ नाराज होते है। तो इस य त्र को पच गंध से लिखकर अपने पास रखे तो अधिकारी की कृपा रहती है अक्सर कई जगह पति पत्नि के आपस मे वैमनश्व हो जाया करता है। वहमी भी अल्प समय मे हो तो दु खदायी नही होता। परन्तु वार २ क्लेश होता हो तो इस य त्र को कु कुंम से लिख कर पुरूष पास मे रखे तो पत्नि के साथ प्रेम वढ़ता है। अक्सर ऐसे यंत्र दीवाली के दिन मध्य

यंत्र नं० ४५

४९९९२	४९९९९	२	७
६	३	४९९९६	४९९९५
४९९९८	४९९९३	८	१
४	५	४९९९४	४९९९७

रात्रि में लिखते है और धन प्राप्ति अथवा दूसरे किसी काम के लिये बनवाना हो तो पंच गंध से लिखते है, जिसमें केसर, कस्तूरी चंदन, कपूर, मिश्री का मिश्रण होना चाहिये ॥४५॥

लखिया यंत्र दूसरा ॥४६॥

इसको भी दीवाली के दिन मध्य रात्रि में लिखते हैं और अष्ट गंध से लिख कर यंत्र जिसके लिये बनाया हो अथवा उसका नाम लिखकर पास में रखने से जय विजय होता है

यंत्र नं० ४६

४२०००	४९०००	२०००	७०००
६०००	३०००	४६०००	४५०००
४८०००	४३०००	८०००	१०००
४०००	५०००]	४४०००	४७०००

व्यवसाय करते समय जिस गद्दी पर बैठते हैं उसके नीचे रखने से व्यवसाय में लाभ होता है। ऊपर बताया हुआ लिखिया यंत्र भी ऐसे कार्य में लाभ देता है। जिसको जो यंत्र ठीक लगे उसी

का उपयोग करे। इस यंत्र का एक विधान और भी है। वह हमारे संग्रह मे नही है। परन्तु विधान यह है कि दीवाली की मध्य रात्रि मे लिखकर उसके सामने एक पहर तक यंत्र का ध्यान करे। और फिर वन खड मे या वाग मे अथवा जलाशय के किनारे बैठकर यत्र के सामने एक पहर तक यत्र का ध्यान करे। जिससे यत्र सिद्ध हो जायगा क्रिया करते समय लोभान का धूप वनाकर रखना चाहिये तो यत्र सिद्ध हो जायगा और भी इन दोनो यत्र के कई चमत्कार है। श्रद्धा रखकर इष्ट देव का स्मरण करते रहना चाहिये जिससे कार्य सिद्ध होगा ॥४६॥

यन्त्र न० ४७

५१	८	५३	६४	१	४६	६९	६	७१
४६	४४	६२	१९	३७	५५	२४	४२	६०
३५	८०	१७	२८	७३	१०	३३	७८	१५
६६	३	४८	६८	५	५०	७०	७	५२
२१	३९	५७	२३	४१	५९	२१	४३	६१
३०	७५	१२	३२	७७	१४	३४	७९	१६
६७	४	४९	७२	९	५४	६५	२	४७
२२	४०	५८	२७	४५	६३	२०	३८	५६
३१	७६	१३	३६	८१	१८	२९	७४	११

जयपता का यंत्र ॥ ४७ ॥

यह जयपता का यत्र है जिस व्यक्ति को महात्माओं की कृपा प्राप्त हो जाती है उसीको इस यत्र की आमनाय मिलती है । सामान्य से इस यत्र के लिये कहा है कि इस यत्र को पच गध अथवा अष्ट गध से लिखे और किसी खास काम पर विजय पाने के लिये बनाना हो तो यक्ष कर्दम से लिखे । लिखते समय इक्यासी कोठे मे पाच का अंक बनाकर चढते अक से लिखने को शुरू करे जैसे प्रथम पक्ति के पाचवा कोठे मे एक का अक लिखे । सातवी लाइन के आठवे कोठे मे दो का अक लिखे । चोथी लाइन के पाचवे कोठो में पाच का अक लिखे । प्रथम लाइन के आठवे कोठे मे ६ का अक लिखे । चोथी लाइन के आठवे कोठे मे सात का अक लिखे । प्रथम लाइन के दूसरे कोठे मे आठ का अंक लिखे । सातवी लाइन के पाचवे कोठे मे नौ का अक लिखे और तीसरी लाइन के छट्ठे कोठे में दस का अंक लिखे । इस तरह से सम्पूर्ण अक को चढते अक से लिखकर पूर्ण करे और तैयार हो जाने पर जिस मनुष्य के लिये बनाया हो उसका नाम व कार्य का संक्षेप नाम यंत्र के नीचे लिखे । इस तरह से तैयार कर लेने के बाद यत्र को एक बाजोट पर स्थापन कर अष्ट द्रव्य से पूजा कर यथा शक्ति भेट भी रखे और बहुत मान से यंत्र को लेकर पास मे रखे तो लाभदायी होता है। नीति न्याय को नही छोडे । चरित्र शुद्ध रखे । जिससे सफलता मिलेगी ॥ ४७ ॥

विजयपता का यंत्र ॥ ४८ ॥

इस यत्र के लिखने का विधान जयपताका की तरह समझना चाहिये । विशेष इस यंत्र मे यह विशेषता है कि प्रत्येक पक्ति के पांचवे खाने मे अताक्षर एक है चोथे मे अनुस्वर है और छठो पक्ति के प्रत्येक खाने मे अताक्षर दो का है आठवे कोठे मे अताक्षर तीन का है कही ६ का, कही आठ का अक अधिक बार आया है । इस यंत्र को विधि से लिख कर पास मे रखने से विजय मिलती है । वाद विवाद करते समय मुकदमे की बहस करते समय और सग्राम मे अथवा इसी तरह के दूसरे कामो मे प्रयास प्रमाण या प्रवेश किया जाय तब इस यत्र को पास रखने से सहायता मिलती है इस यत्र का लेखन अष्ट गध या पच गंध अथवा यक्ष कर्दम से हो सकता है वाकी विधान जयपताका यत्र की तरह समझ लेना चाहिये श्रद्धा से कार्य सिद्ध होता है विजय पाते हैं हिम्मत रखने से आशा फलती है ॥ ४८ ॥

यन्त्र न० ४८

४७	५८	६९	८०	१	१२	२३	३४	४९
५७	६८	७९	९०	११	२२	३३	४४	४६
६७	७८	८	१०	२१	३२	४३	५४	५६
७७	७	१८	२०	३१	४२	५३	५५	६६
६	१७	१९	३०	४१	५२	६३	६५	७६
१६	२७	२९	४०	५१	६२	७३	७५	५
२६	२८	३९	५०	६१	७२	८३	४	१५
३६	३८	४९	६०	७१	८२	४	१४	२५
३७	४८	५९	७०	८१	२	१३	२५	३५

संकट मोचन यंत्र ॥ ४९ ॥

इस यत्र से यह लाभ है कि शरीर अस्वस्थ हो गया हो या पेट दर्द हो गया हो तो उस समय अष्ट गध से कासो की याली मे यंत्र लिखकर, धोकर पिलाने से दर्द मिट जाता है। इस तरह के विधान है, सो समझ कर उपयोग करे ॥ ४९ ॥

यन्त्र नं० ४९

११५	१५५	१५६	१३२	१५४	१५३	१२७
१३८	११६	१५१	१३१	१५२	१२६	१३७
१३३	१३४	११७	१३०	१२५	१३५	१५६
१३९	१४०	१२४	११८	१४१	१४३	१४३
१४४	१२३	१४५	१२९	११९	१४६	१४७
१२२	१४८	१४९	१२६	१५०	१२०	१२१

विजय यंत्र ॥ ५० ॥

इस यंत्र को विजय यत्र और वर्द्धमान पताका भी कहते हैं हमारे सग्रह मे इसका नाम वर्द्धमान पताका है, परन्तु इस यंत्र को विजय राम यत्र समझना चाहिये क्योंकि यही नाम इस यत्र के मंत्र मे आया है। इस यंत्र को रविवार के दिन लिखना चाहिये। और ऐसा भी लेख है कि केपुसंडिया तारा का उदय हो तब लिखना चाहिये। जब यत्र तैयार हो जाय तब एक बाजोर पर स्थापन कर धूप दीप की जयणा सहित रखकर कुछ भेट रखकर और नीचे बताये हुये मंत्र की एक माला फेरना। ॥ मत्र ॥ॐ ह्रीश्री क्ली नमः विजय मंत्र राज्यधार कस्य ऋद्धि वृद्धि जय सुखं सौभाग्य लक्ष्मी मम् सिद्धि कुरु २ स्वाहा ॥ जिसको जैसा विधान मालूम हो, उपयोग करे। इस तरह की माला फेरते पचामृत मिश्रित शुद्ध वस्तुओ का हवन करना भी बताया है। इस यंत्र के नौ विभाग बताये है प्रत्येक विभाग के अलग-२ यत्र भी है। जिसका वर्णन इस प्रकार है—

(१) प्रथम विभाग के यत्र से दृष्टि दोष, डाकिनी शाकिनी, भूतप्रेत आदि का भय नष्ट होता है।

(२) दूसरे विभाग के यत्र से अधिकारी आदि को प्रसन्नता रहती है।

(३) तीसरे विभाग के यत्र से अग्नि भय, सर्प का भय या उपद्रव नष्ट होता है।

(४) चौथे विभाग के यत्र से ताप एकान्तरा, तिजारी आदि नष्ट होती है।

(५) पाँचवे विभाग के यत्र से नवग्रह आदि पीडा नष्ट होती है।

(६) छठे विभाग के यत्र से विजय पाते है।

(७) सातवे विभाग के यत्र से मन्दिर आदि के दरवाजे पर लिखने से दिन-दिन मे उन्नति होती है।

(८) आठवे विभाग के यत्र से धनुष आदि शस्त्र पर वाधने से विजय पाते हैं।

(९) नवे विभाग के यत्र से दीवालो के दिन दीवार पर लिखने से जय विजय होती है। इस तरह से नो विभाग के यत्रो का वर्णन है। प्रथम विभाग के अक गिनती के अनुसार, प्रथम पक्ति के मध्य का समझना, इसी तरह से दूसरा, तीसरा आदि चढते हुए अंको से समझना चाहिए। इस यत्र का दूसरा विभाग इस प्रकार है कि विधि सहित यत्र तैयार करके एकान्त स्थान मे शुद्ध भूमि बनाकर कुम्भ स्थापना कर अखण्ड ज्योत रखे और चोकोर पाटे पर नन्दी वर्धन साथिया करे। चावल सवा सेर, देशी तेल के केसर से रंगे हुये अखण्ड हो, उनसे साथिया कर फल नैवेद्य और रुपया, नारियल चढावे फिर सामने बैठकर साढे बारह हजार जाप यत्र के सामने पूरे करले। वे नियमित जाप की सख्या प्रतिदिन एक सी हो इस तरह से विभाग कर जाप पाच दिन अथवा आठ दिन मे पूरा कर लेवे। जाप करने के दिनो मे चढने से पहले पूजा कर लेवे। भूमि सयन ब्रह्मचर्य पालन और आरम्भ का त्याग कर नित्य स्थापना कर स्थान मे ही करे। जिसदिन जाप पूरे हो जाय साथिया मे से चावल चूटि भर कर लेवे। और सिरहाने रखकर एक माला यन्त्र की फर कर सो जावे। रात्रि के समय स्वप्न मे शुभा शुभ कथन देव द्वारा मालूम होगे और धन वृद्धि होगी। कार्य सिद्ध होगा। आशा श्रद्धा से और पुण्य से फलती है। पुण्य, धर्म साधन से उपार्जित होता है। इसका पूरा ख्याल करे। ॥५०॥

यन्त्र नं० ५०

७१	६४	६९	८	१	६	५३	४६	५१
६६	६८	७०	३	५	७	४८	५०	५२
६७	७२	६५	४	९	२	४९	५४	४७
२६	१९	२४	४४	३७	४२	६२	५५	६०
२१	२३	२५	३९	४१	४३	५७	५९	६१
२२	२७	२५	४०	४५	३८	५८	६३	५६
३५	२८	३३	८०	७३	७८	१७	१०	१५
३०	३२	३४	७५	७७	७९	१२	१४	१६
३१	३६	२९	७६	८१	७४	१३	१८	११

यन्त्र नं० ५१

२५८	१
३६६	२
४७०	३
३६६	४
४७०	५
५८१	६
४७०	७
५८१	८
६६२	६
५८१	०

सिद्धा यन्त्र ।। ५१ ।।

यह सिद्धा यन्त्र, सिद्धा सटोरियो के काम का है। इस यन्त्र को पास मे रखने की आवश्यकता नही है। न ही दीप, धूप रखकर भोज पत्र मे लिखने की आवश्यकता है। यह यन्त्र तो जो इसकी गिनती के अनुभवी हैं उन्ही के काम का है। जो पुरुष इसका उपयोग समझ सकेगा, वही लोग ऐसे यन्त्रो से लाभ उठा सकेंगे और बिना अनुभव से कार्य करने वाला हानि उठाता है ।। ५१ ।।

चौसठ योगिनी यन्त्र ।।५२।।

यह चौसठ योगिनी यन्त्र कई तरह के कार्य सिद्ध करने मे समर्थ है। इस यन्त्र के लिखने मे यह खूवी है कि एक का अक लिखे वाद दो अंक तिरच्छे कोठे मे, तिरच्छे एक कोठे के वीच मे छोड कर लिखा गया है। इसी तरह के तमाम अक तिरछे कोठे मे एक-एक छोडते हुए लिखे है और अन्त मे चौसठवे अक पर समाप्ति की है। इस यन्त्र की लेखन विधि को अच्छी समझ लेना चाहिये और यन्त्र लिख कर जिस कार्य की पूर्ति के लिए वनाया हो उसकी विगत

यन्त्र न० ५२

४६	७	२०	३३	४४	५	१८	३१
२१	३४	४५	६	१९	३२	४३	४
८	४७	६०	५७	६२	५३	३०	१७
३५	२२	६३	५४	५९	५६	३	४२
४८	९	५८	६१	५२	४१	१६	२९
२३	३९	५१	६४	५५	५८	१३	२
१०	४९	३६	२५	१२	१५	४०	२७
३७	२४	११	५०	३९	३६	१	१४

और जिसके लिये बनाया हो उसका नाम यन्त्र मे लिखना चाहिए। जब यन्त्र, विधि सहित तैयार हो जाये तब शुभ समय मे पास मे रखे और हो सके वहाँ तक कार्य सिद्धि तक धारण करना चाहिए। धूप नित्य देने से प्रभाव बढता है कष्ट भी शीघ्र मिटता है और भावना फलती है। इष्ट देव देवी की पूजा करना और दान पुण्य करना सो कार्य ठीक होगा ।।५२।'

दूसरा चौसठ योगिनी यंत्र ॥५३॥

२६० का यह यन्त्र वहुत से कार्य मे काम आता है। लिखने का विधान सर्वत्र समझना चाहिये। इस यन्त्र को तावे के पतडे पर वनवा कर पूजा करने से भी लाभ होता है। इष्ट देव की सहायता से कार्य सिद्ध होता है। मनुष्य का प्रयत्न करने का काम है ॥५३॥

यन्त्र न० ५३

७	८	५९	६०	६१	६२	२	१
१६	१५	५१	५२	५३	५४	१०	९
४२	४१	२२	२१	२०	१९	४७	४८
३३	३४	३०	२९	२८	२७	३९	४०
२५	२६	३८	३७	३६	३५	३१	३२
१७	१८	४६	४५	४४	४३	२३	२४
५६	५५	११	१२	१३	१४	५०	४९
६४	६३	३	४	५	६	५८	५७

उदय अस्त अंक ज्ञाता यंत्र ॥५४॥

यह उदय अस्त अक ज्ञाता यन्त्र है। इसका ज्ञान जिसको है वह जान सकता है कि

भाव क्या खुलेगे ? और क्या बन्द होगे ? इस यन्त्र की गिनती किस प्रकार से करना चाहिए। इस यन्त्र की आम्नाय गुरू नाम से प्राप्त हो जाय तो कार्य सिद्ध होते देर नही लगती। इस यन्त्र को द्रव्य प्राप्ति हेतु चितामणि यन्त्र भी कह देना तो अतिशयोक्ति नही है। नसीब जोरदार हो तो देर नही लगती। यह यन्त्र विशेष करके सटोरियो के काम का है। इसकी गिनती का अभ्यास करने से जानकारी होगी। इष्ट देव के स्मरण को नही भूलना चाहिये। दान-पुण्य करने से इच्छाएँ फलती है ॥५४॥

यन्त्र न० ५४

	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
१	४००४ ७४३७	२९९२ ६८८१	४९२५ ०३३७	२५५२ ९३४२	२५५२ ६८९७	६३४१ ५७२५	६९५१ ५०९७	७४९७ ५२२५	९३३५ ०६२९	२५३७ ९६७४
२	६००५ ३६७८	७३५७ ४०००	६९०२ ८१४०	४७६९ ३०७०	८०७९ ५३५५	७३५३ ९५९१	४१९३ ६९७९	८३४६ ७०९७	९२१९ ३१०३	४९७९ २५४०
३	३६०४ ४१००	९७७९ २०२४	५३२६ ७५०४	४११५ ९३७०	०८५३ ९१९९	५०८१ २८८२	५९३५ २४०४	६०६४ १९८२	६८९३ ७१०३	३७६० ७३९६
४	५६६६ ३५८०	५७७५ ३००३	२८८६ ६९४४	६४४१ ५७७३	४५०४ ३३६८	७३३७ २८९१	१५१७ ६००७	२५९६ ३१३७	७३७५ ९५४६	३५३७ २९२४
५	६६०२ ३८८१	८००५ ७५९२	६००६ ५३८४	५५६० ८६७१	९५३७ ४१७०	६४६९ ६२३५	६३७९ ४६३४	५५३६ ६४५२	८७०० १५२९	९५०६ ७३५३
६	८३७० ६९१८	७३३१ ८५०५	६९३७ २६७१	७९०७ ३००३	९६९७ ५३६८	७००७ ३६६९	७५६४ ३९९२	७२५७ २५४१	४१७५ ९२०४	५३६९ ३९४२
७	४००४ ४७९६	३७०२ ४२०८	४००७ ७३९५	१८८१ ३७०२	२९०७ ९६१७	१८२८ ०३८६	३९६२ १९७३	३६७२ १९३१	३७०७ १०७४	३७४० ६३१९
८	५०८९ ७८३५	३००३ २९७३	४००५ ६९९७	८६३० ५७८०	३१२९ ६००६	२५५२ ५८६९	७००७ ६४४६	२५५७ २३४७	३७२९ ००७९	२५२६ ७४९३
९	१४०४ ९५९६	४५२८ ६०५७	४७७१ ११३६	८००४ २१९७	२५५२ ७००७	४१७० १३३६	४५०८ १८०१	७४३५ ९६०३	९२८६ ५२६०	८१६९ २९०४
१०	७१६४ ४६५२	६४२४ २०६९	३७७० ९२०९	६३९६ ४००८	३००४ ३९४६	२१६४ ५३१६	९२०५ ३१८३	९३७१ १८६०	५७०६ ५०३६	०१३० २५५३

यंत्र नं० ५५

इन दोनो यन्त्रो को रवि पुष्य, वा रवि हस्त को शुभ योग मे सोना, चादी, तावे के पत्रे पर खुदवा कर अनार की कलम से सुगन्धित द्रव्यो से लिखकर सफेद कपडा पहन कर उत्तर या पूर्व दिशा मे बैठ कर यन्त्र लिखे यन्त्र भोज पत्र पर भी लिख कर यन्त्र तावीज मे डाल कर गले मे या हाथ मे बाधे तो आठ भय से तथा सर्व रोग शात होते है। भूत, प्रेतादिक की पीडा



शात होती है। लक्ष्मी लाभ, सन्मान, यश, राज्य मान्यता, कोर्ट मे विजय होती है कुष्ट, ज्वर, वायु रोग भी इस यन्त्र को धो कर पिलाने से नष्ट हो जाता है, सर्प का जहर उतर जाता है। एक वर्ण की गाय के दूध से यन्त्र का प्रक्षालन कर पिलाने से बध्या गर्भ धारण करती है।

जय माला सोना, चादी, प्रवाल रेशमी, सूत अथवा लीला, सफेद, रगनी रखना। शुभ चन्द्र मे मूल मन्त्र की छ मास मे सवा लाख जाप करना चाहिए। यथा शक्ति ब्रह्मचर्य पालना। जाप पूर्ण होने पर प्रतिदिन ९–१०८, २७ या १०८ बार जप करना। यथा शक्ति सप्त क्षेत्रो मे पूजन आदि मे द्रव्य खर्च करना। पाचो गाथाओ का १०८ बार प्रतिदिन जाप करने से सर्व कार्यो की सिद्धी, सर्व रोगो का नाश सुख सपत्ति की प्राप्ति होती है ।।५५–५६।।

यन्त्र ५६ का



चोबीस तीर्थकरो का यंत्र

इस यत्र को सुवर्ण या चाँदी के पतड़े पर बनावे रविपुष्य नक्षत्र में। यत्र मे दिये हुए अंको के समान उन २ भगवान को नमस्कार करे। यत्र में लिखे यत्र का प्रातः कम से कम पाच माला जपे। घर मे अटूट धन, घर मे शान्ति रहती है।। ५७ ।।

यन्त्र नं० ५७

१६	१२	८	५	३	२
१	१४	१३	९	१०	४
६	७	११	१८	१९	२०
२१	२२	२३	२४	१७	१५
ॐ	ह्री	श्री	क्ली	न	म



←यन्त्र न० ५८

कल्प वृक्ष यंत्र

इस यन्त्र को रविपुष्य गुरुपुष्य रवि हस्त या रवि मूल मे शुभो प्रयोग मे सोना चादी के पतडे व भोजपत्र पर अष्टगध से लिखे, हमेशा पूजन करे, अक्षत से उन्हे अपने सिर पर डाले। मनुष्य मान सन्मान सत्कार पावे। रोजगार वृद्धि लक्ष्मी प्राप्ति। यन्त्र के एक एक अक्षर मे चौवी तीर्थंकर देवी का निवास है॥ ५८॥

यन्त्र नं० ५९



इस पार्श्वनाथ यन्त्र को पार्श्वनाथ भगवान के जन्म कल्याण के दिन तांबे के पतडे पर खुदवावे। सुगन्धी द्रव्य से लिखे एक धान का एकासन करे। फूल जाइके से पूजन करे। धरणेन्द्र पद्मावती प्रसन्न होय मन वांछित फल देवे ॥ ५९ ॥

सर्व मनोकामना सिद्ध यंत्र

इस यन्त्र को पास में रखने से सर्व मनोकामना सिद्ध होती है ॥ ६० ॥ ६१ ।,

यन्त्र नं० ६०



यन्त्र नं० ६१



१३० को सर्वतो भद्र यन्त्र सिद्ध मन्त्र

मन्त्रः—ॐ ह्रीं श्रीं चतुर्दश पूर्वेभ्यो नमो नमः

विधि.—इस यन्त्र को रविपुष्य मे, शुभ योग मे बनावे। मन्त्र का सवालाख जाप करे। इससे महाविद्यावान तथा सर्व प्रकार सुखी होवे ॥ ६२ ॥

यन्त्र न० ६२

१३०	१३०	१३०	१३०	१३०	१३०	१३०
१३०	३४	४८	२	१६	३०	१३०
१३०	४६	१०	१४	२८	३२	१३०
१३०	८	१२	२६	४०	४४	१३०
१३०	२०	२४	३८	४२	६	१३०
१३०	२२	३६	५०	४	१८	१३५
१३०	१३०	१३०	१३०	१३०	१३०	१३०

अद्भुत लक्ष्मी प्राप्ति यन्त्र

इस यन्त्र को सोना चादि या ताँवे के पत्रे पर खुदाकर पूजन करे तथा ॐ ह्री श्री कली अर्ह नम महा लक्ष्म्यै धरणेन्द्र पद्मावती सहिताय ह्री श्री नम ॥ इस यन्त्र का १२५०० जाप करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है ॥ ६३ ॥

यन्त्र न० ६३

ॐ	ह्री	श्री	क्लौ	महा
अ	ह्रं	न	मः	लक्ष्मै
ध	र	णे	न्द्र	पद्मा
स	हि	ता	य	वती
ह्री	श्री	न	मः	नम

यन्त्र न० ६४

७	१२	१	१४
२	१३	८	११
१६	३	१०	५
९	६	१५	४

इस यन्त्र को सोना व चाँदी, ताबा के पत्रे पर खुदावे। अष्ट गध से रविपुष्य मे लिखकर पूजै। व्यापार वृद्धि होय। लक्ष्मी की प्राप्ति होती है ॥ ६४ ॥

यन्त्र न० ६५

४२	७	५६
४९	३५	२१
१४	६३	२८

इस यन्त्र को सुगन्धी द्रव्यो से भोजपत्र पर लिखकर पूजै, विद्या वहुत आवे ॥६५॥

यन्त्र म ६६



यह यन्त्र लक्ष्मी दाता चमत्कारी है। रविपुष्य मे सोने चाँदी के भोजपत्र पर लिखकर हमेशा पूजन करे ॥ ६६ ॥

यन्त्र ग्रं० ६७

१	०	०	०
०	०	०	१
०	०	०	०
१	०	०	०

इस यन्त्र को अष्ट गंध से लिखकर दीवाली के दिन रोहिणी नक्षत्र मे इसे घड़े मे रखकर, घर के भण्डार मे रखने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। इसे कुंभ मे लिख,कुंभ का पानी रोगी को पिलाने मे रोग नष्ट होता है ॥ ६७ ॥

यन्त्र नं० ६८



श्री महा लक्ष्मी प्राप्ति यन्त्र

यह त्रिक (तीन) का यन्त्र लक्ष्मी पूजन का है। चांदी के कलश मे लिखकर घर मे स्थापित करे तो लक्ष्मी की प्राप्ति अवश्य होती है ॥ ६८ ॥

॥ अद्भुत विद्या प्राप्ति यन्त्र नं. ६९ ॥

इस यन्त्र को रविपुष्य मे कांसी की थाली मे तैयार कर सुगन्ध द्रव्य से सुदी पंचमी से दशमी तक, चाँदनी रात्रि मे, थाली मे पानी भर कर रखे। प्रातः उस पानी को पीने से अज्ञान दूर होता है विद्या बहुत आती है ॥ ६९ ॥

यन्त्र न० ६९

अद्भुत विद्या प्राप्ति यंत्र नं



यन्त्र न० ७०



इस यन्त्र को दीवाली के दिन गुरु पुष्य मे अष्ट गध से जाई की कलम से लिखकर पूजन करे तो सर्व प्रकार की ऋद्धि-सिद्धि प्राप्त हो। गध से पूजकर तिलक करे मान सन्मान प्राप्त हो ॥ ७० ॥

यात्र न० ७१

इस यन्त्र को तालड पत्र या भोज पत्र सोना, चाँदी व ताँबा के पत्रे पर गोरोचन, सिन्दूर, लाल चन्दन, ककुं और अपनो अनामिका अगुली के रक्त से यन्त्र लिखना। भक्ति से पूजन कर निम्न मन्त्र से "ह न ह्ली कह ह्ली सह ह्रीं ॥" का सवालाख जप करना चाहिए। जप अमावश्या से शुरू कर तीन पक्ष मे पूरे करे ॥ ७१ ॥

यन्त्र न० ७२



इस यन्त्र को अपने रक्त से भोज पत्र पर लिखकर कठ या बाहु मे बाधे विद्यार्थी को विद्या की प्राप्ति होती है। ॥ ७२ ॥

यन्य न० ७३



सर्व कार्य सिद्धि यन्त्र श्राचक्रेश्वरी नमः

इस यन्त्र को रविपुष्य, गुरु पुष्य दीवाली मे भोजपत्र सोना चादी पर लिख पूजे, सर्व कार्य सिद्धि होय ॥ ७३ ॥

यन्त्र न० ७४



इस यन्त्र की विधि यन्त्र न. समान है ॥ ७४ ॥

यत्र न० ७५

४३	५०	२	७
६	३	४७	४६
४९	४४	८	१
४	५	४५	४८

इस ऋद्धि सिद्धि यन्त्र को कुंकुम, गोरोचन, केशर से आविया (आम) के पाटे पर लिखकर पूजन करे, ऋद्धि वृद्धि होय ॥ ७५ ॥

॥ चिंतित कार्य सिद्धि यन्त्र ॥ ७६ ॥

१	३२	३४	१२	६	२४	४२	५५
३८	५५	५	२८	४१	५१	१३	२८
३१	८	१४	३३	२३	१७	५३	४१
१७	३७	२७	१	५२	४५	१६	१४
३	३७	३१	६१	११	१२	४४	५६
४०	५७	७	२६	४६	४६	१५	१८
२६	४	६६	३५	२१	१२	६४	१८
५८	३६	२५	८	५७	४७	१७	१६

इस यन्त्र को रविपुष्य मे अथवा अपने चन्द्रस्वर मे भोजपत्र पर चाँदी, सोना या तावे के पत्रे पर सुगन्धी द्रव्य से लिखे। जो पूजन करता है उसका चिंतित कार्य सिद्ध हो जाता है ॥ ७६ ॥

श्री घंटाकर्ण महावीर अद्भुत चमत्कारिक यन्त्र॥७७॥

ॐ	घ	टा	क	र्णो	म	हा	वी	र	स	र्व	व्या
तो	ऽक्ष	र	प	क्ति	भि	रो	गा	स्त	त्र	प्र	धि
खि	त्क्ष	य	शा	कि	नी	भू	त	वै	ता	ण	वि
लि	पा	स	र्पे	ण	द	श्य	ते	अ	ल	स्य	ना
व	ज	च	घ	टा	क	र्णे	न	ग्नि	रा	ति	श
दे	र्णे	न	ह्री	र	ठ	ठ	मो	चो	क्ष	वा	क
सि	क	स्य	व्लू	वी	स्वाहा	ठ	स्तु	र	सा	त	वि
ष्ठ	न्ति	त	क्ली	र	न	ॐ	ते	भ	प्र	पि	स्फो
ति	या	ण	श्री	ह्री	ॐ	स्ति	ना	यं	भ	त्त	ट
व	स्ति	र	म	ले	का	ना	न	न्ति	व	क	क
त्र	ना	य	भ	ज	रा	त्र	त	वा	ह्म	को	भ
य	ल	व	हा	म	क्ष	र	क्ष	र	प्ते	प्रा	य

इस यन्त्र को रवि पुष्य व शुभयोग मे भोजपत्र, चादी, ताबा के पतरे पर व कासी की थाली मे खुदवावे। रवि हस्त अथवा मुला गुरु पुष्य मे भी दीवाली के दिन बन सकता है। यन्त्र का पचामृताभिषेक कर, चन्दन पुष्पादि से पूजा करना चाहिये। जाई जुई के १०८ पुष्प रखे। मन्त्र बोल कर एक—एक फूल थाली मे चढावे। एक टुकडा अ गरबत्ती का लगावे और लकडी से एक टकोर थाली मे लगावे (बजावे)। १०८ बार होने पर थाली मे श्री फल, पंचरत्न की पोटली तथा रुपया एक चादी का रख दे। एक कासी की थाली मे यन्त्र लिखले। इन दोनो यन्त्रो को एक ही विधि है॥ ७७—७८॥

यन्त्र न० ७८



यन्त्र नं० ७९

इस चन्द्र यन्त्र को रूपा (चादी) के पतरे पर खुदवाना, अष्टगन्ध से, चन्द्र ग्रहण मे लिख कर अपने घर मे रखे, फिर आवश्यकता पड़ने पर तीन दिन तक धोकर पिलावे तो रोग मिट जाये। शनिवार, रविवार, गुरुवार को इसे धोकर सवेरे पिलावे, कफ, गुल्म नष्ट हो जाये। इसका पूजन करने से जहाँ जाये, वहाँ जय होय सब काम सफल होय॥ ७९॥



सर्व रोगनिवारण यन्त्र न० ८०

ॐ	ह्री	वि	स	ह	र	पा	स	नाह
ह्री	ॐ	ह्री	फु	लिं	ग	क	म	ठ
श्री	श्री	ध	र	णे	न्द्र	प	द्मा	व
क्ली	श्री	ती	मा	तृ	दे	वी	मम	विस
भ्रौं	श्री	रोग	शोकं	भय	द्वेष	जरा	मरण	विघ्न
झौ	श्री	विघ्न	रा	जा	दि	भ	य	चो
ह्री	श्री	श	दि	भ	य	व्या	धा	दि
ह्री	श्री	भ	य	सिं	हा	दि	भ	य
ह्रैं	क्षः	स	वैं	फु	ट	फु	ट	स्वा
ह	क्ष	हा	ठ	ठ	ठ	ठ.	ठ	स्वाहा

इस यन्त्र को रवि पुष्य या शुभ योग मे कांसी की थाली मे खुदवाना। अष्टगंध या केशर मे अक्षर अक्षर की पूजन कर सुखाना, पीछे उसे पानी से धोकर उस पानी को दिन मे तीन वार पिलाने से सर्वआधि, व्याधि रोग, पीडा भय, मिट जाता है ॥८०॥

यन्त्र नं० ८१

३६	३६	३६
३६	३६	३६
३६	३६	३६

इस छत्तीस यन्त्र को सुगधित द्रव्य से लिख कर धारण करने से आधा शीशी नष्ट हो जाती है ॥८१॥

यन्त्र नं० ८२

७	६	०	१	०	०
८	०	०	३	०	०
२	०	०	०	०	०
५	६	७	८	९	१०
४	०	०	०	०	०
५	३	२	१	०	८

इस यन्त्र को भोजपत्र या साधा कागज पर लिख कर मादलिया तावीज में रख कर भुजा या गले में बाध दे तो आंधा शीशी जाये ॥८२॥

यन्त्र नं० ८३

द्री	श्री	श्री	श्री
द्री	दे	व	द्री
श्री	द	त्त	श्री
द्री	द्री	द्री	द्री

इस यन्त्र को किसी भी प्रकार के रोग के लिए तथा वश करने के लिए सुगधित द्रव्य से लिखे। देवदत्त के स्थान पर अपना नाम लिखे ॥८३॥

गुमडा होने का यन्त्र

यन्त्र न० ८४

हा क स्वा ७	ख पा छ र्व
घ ८	३ ग्र
र ६ म ५	२ घ १ य
भ त	क्ष ध

इस यन्त्र को भोजपत्र या कागज पर सुगधित द्रव्य से लिख कर भुजा मे बाधने से सर्व प्रकार के फोडे गुमडे मिट जाते है ॥८४॥

यन्त्र न० ८५

३८	४६	२६	७७
३	८	४	७
१	८	२	३
११	७	२०	६

इस यन्त्र को रविवार के दिन भोज पत्र पर लिख कर बांधने से आधा शीशी का रोग जाय ।।८५।।

यन्त्र न० ८६



इस यन्त्र को हर ताल से बड के पत्ते पर मंगलवार के दिन लिख कर अपनी भुजा मे बाधे तो दुखता (मसा) हरस मिट जाय रक्त स्राव ।।८६।।

यन्त्र न० ८७

२	१०	३
३	२	१०
१०	३	२

इस पद्रहरिया यन्त्र को लिख कर धोकर पिलाने से तुरन्त ही ज्वर-ताप उतर जाता है। भूत प्रेत वगैरह जाय। यह बडा चमत्कारी है ॥८७॥

यन्त्र नं० ८८

१ श्री ह्री २	क्ली ३ ४ ॐ
७ हा खा ८	हन ६ ५ क्ष

इस यन्त्र को मगलवार, गुरुवार या शनिवार को जाई की कलम से आक के पत्ते पर लिख कर भुजा या गले में वांधे या सिरहाने रखे तो सभी प्रकार का ताप ज्वर उतरे जावे ॥८८॥

भूत प्रेत पिशाच डाकिन वगैरह निवारण यन्त्र ॥८९॥



इस यन्त्र को हरताल मनसिल हिगुल तथा गोरोचन से आकड़ा के पत्ते पर लिख, धूप देकर जिसके गले, भुजा या कमर मे वाधे तो भूतादि वाधा नष्ट हो जाय ॥८९॥

व्यापार वर्द्धक यन्त्र नं० ९०

"ॐ ह्री श्री अर्हं नम" इस मत्र को १० माला रोज २१ दिन तक सफेद माला,

ह्री	ह्री	ह्री	ह्री	ह्री
ठः	४२	३५	४०	फु
ठ	३७	३९	४१	फु
ठ	३८	४३	३६	फु
है	भुर	भुर	भुर	फु

सफेद आसन और सफेद पुष्पो से जपे। यत्र को चादी, सोना, ताबा के पत्रे पर खुदवा कर रखे। वदी चतुर्दशी से जाप करे, रात के समय जपे ॥ ९० ॥

यन्त्र नं० ९१

५९२	५९९	२	७
६	३	५९६	५९५
५९८	५९३	८	१
४	५	५९४	५९७

इस यत्र को चादी के पत्रे पर रवि गुरु पुष्य या रविहस्त मूला अथवा दिवाली के दिन जब अपना सूर्य स्वर चलता हो उस समय खुदवा कर प्रतिष्ठा कर रोज पूजन करे तो कोर्ट कचहरी आदि विषय मे जीत होय। यंत्र को जेब मे रखना ॥ ९१ ॥

यत्र न० ९२

इस यंत्र को रवि पुष्य के दिन सोना, चांदी, ताबा या भोजपत्र पर लिख प्रतिष्ठा कर लो। यत्र को ५, १०, १५ तिथि से प्रारम्भ कर साढे बारह हजार करना फिर रोज एक

ॐ	ह्री	श्री	क्ली	ब्लू	न	मि
उ	ण	सुर	अ	मुर	ग	रु
ल	भु	य	ग	प	रि	व
दि	ये	ग	ए	कि	ले	से
अ	रि	हे	सि	द्धा	य	रि
ये	उ	व	ज्झा	ये	स	व्व
सा	हू	ण	न	म	स्वा	हा

माला जपना। मन्त्र प्रारम्भ और अंत करने वाले दिन उपवास करना। सफेद वस्त्र, माला, आसन सफेद, एकाग्रचित से जप करे, मन वाछित कार्य सिद्ध हो, गृह देव प्रसन्न होय ॥ ९२ ॥

अकस्मात धन प्राप्ति यंत्र :—इस यत्र को सफेद चणोठी (सफेद गुंजा) के रस में

यंत्र नं० ९३

१	७	६	२	८	९	९
५	१	७	६	२	७	४
७	६	१	७	६	७	१
४	७	९	१	७	१	१४
१	२	४	५	७	९	१

जैतून की कलम से हर मगल को अ त की संख्या से लिखना। मौन से लिखे। २१ बार लिखने पर सिद्ध होय। पीछे अष्टगध से लिख दाए हाथ मे बाधे, अकस्मात धन लाभ होय ।। ९३ ।।

यंत्र नं० ९४



इस एकाक्षी नारियल पर सोना चादी का बरख लगाना। उस पर यह मंत्र ॐ श्री क्ली श्री देव्यै नम कुरु-कुरु ऋद्धि वृद्धि स्वाहा। अष्टगंध से लिखे। दिवाली के दिन १२,५०० हजार जप करे। १०८ बार गोला से हवन करना। सिद्ध कर इस नारियल को भंडार की पेटी में रखे, द्रव्य की प्राप्ति होय कोई भी विपत्ति नही आती ।। ९४ ।।

पूर्व दिशा की ओर मुखकर ॐ ह्रो श्री क्ली एकाक्षय भगवते विश्व रुपाय सर्व योगेश्वराय त्रेलोक्य नाथाय सर्व काम प्रदाय नम दीवाली के दिन १२,५०० हजार जप पद्मासन से

यंत्र न० ९५



यत्र न० ९६



करे। माला प्रवाल की होनी चाहिये। पीछे होम करे, होम की विधि –बादाम १०८–अखोल( ) १०८—सुपारी १०८ लोवान सेर १।।, काली मिरच सेर १।।, दाख सेर ०।—गोला ०।—जव

यत्र नं० ९७



सेर ०।—घी सेर—२ वेर की लकडी, अर्द्ध रात्रि में उत्तर दिशा मुखकर हवन करना। चैत्र सुदी ८–आसोद सुदी ८ दिवाली, होली और ग्रहण के दिन मे नारियल की पूजन करना। यत्र मे देव दत्त की जगह अपना नाम देना। तीनो यत्रो की विधि एक ही है ॥ ९५ ॥ ९६ ॥ ९७ ॥

यत्र न० ९८

इस पदरिया यत्र को रवि पुष्य, रवि मूल, रवि हस्त, गुरु पुष्य, दिवाली के दिन अपने चन्द्र स्वर के साथ। सोने, चादी के पत्रव भोजपत्र पर लिखे। "ॐ ह्री श्री ठ ठ ठ. क्रौ



स्वाहा" साढे बारह हजार बार यत्र लिखना और मत्र भी इतना ही जपना। प्रतिदिन एक हजार जप करना। सफेद वस्त्र पहनना, लवण, खट्टा मीठा, नही खाना, ब्रह्मचर्य पालना, जमीन पर सोना, एक बार भोजन करना पान खाना ॥ ९८ ॥

यंत्र नं० ९९ नवग्रह शान्ति पदरिया के साथ यत्र



इस यंत्र की विधि नही है ॥ ९९ ॥

यत्र न० १००, विजय पता का यत्र



इस यत्र की विधि नही है ॥ १०० ॥

यत्र न १०१

इस यत्र को लिखकर पास मे रखने से सर्वग्रह शॉत होते है ॥ १०१ ॥



यत्र न० १०२

मूल यत्र —ॐ श्री ह्री क्ली "महा लक्ष्मै नम" भोजपत्र पर रोज एक यत्र लिखना अष्टगध से उस पर २१०० जाप करना धूप दीप फूल फल नेवेद धरना पीला वस्त्र पिली माला

महा लक्ष्मयै	५	नमः
८	श्रीँ	६
ॐ	१ ४	ह्रीँ
३	७ ८	२
	क्लीँ	

रखनी चाहिये। इस प्रकार ६२ यत्र ६२ दिन मे लिखना। ६३वाँ यत्र चाँदी के पत्ते का वनवाना। उसके पीछे ६२ यत्र भोजपत्र के रखना। श्री सुक्त ( ) से पूजा करनी चाहिये ॥ १०२ ॥

यन्त्र नं १०५

बत्तीसा : लक्ष्मी प्राप्ति यन्त्र

८	१५	२	७
६	३	१२	११
१४	९	८	१
४	५	१०	१३

व्यापार तथा लक्ष्मी प्राप्ति के लिए चालू विधि से तैयार करना ।। १०५ ।

चौतीसा यन्त्र नं० १०६

१६	९	४	५
३	६	१५	१०
१३	१२	१	८
२	७	१४	११

।। लक्ष्मी तथा व्यापार वर्द्धक यन्त्र है ।

चौंतीसा यन्त्र न० १०७

४	१४	१५	१
९	७	६	१२
५	११	१०	८
१६	२	३	१३

व्यापार तथा लक्ष्मी वर्द्धक यन्त्र है।

छत्तीसा यन्त्र न० १०८

१०	१७	२	७
६	३	१४	१३
१६	११	८	१
४	५	१२	१५

व्यापार तथा लक्ष्मी वर्द्धक यन्त्र है।

उपरोक्त तीनो यन्त्रो को चालू विधि से लिखना ॥ १०६—१०७—१०८ ॥

६५ या यन्त्र नं० १०९

१०	१८	१	१४	२२
११	२४	७	२०	३
१७	५	१३	२१	९
२३	६	१९	२	१५
४	१२	२५	८	१६

६५ या यन्त्र नं० ११०

२४	३२	२	७
६	३	२९	२७
३१	२५	८	१
४	५	२६	३०

इस यन्त्र को कुलडी मे रख, सुपारी, रुपया, हल्दी, धनिया डालकर दुकान की गद्दी के नीचे गाढना, उस पर बैठना, तो व्यापार अधिक चलता है ॥ ११० ॥

यन्त्र नं० १११

२२	३	९	१५	१६
१४	२०	२१	२	८
१	७	१३	१९	२५
१८	२४	५	६	१२
१०	११	१७	२३	४

यन्त्र न० ११२

१५	८	१	२४	१७
१६	१४	७	५	२३
२३	२०	१३	६	४
३	२१	१९	१२	१०
९	२	२५	१८	११

६५ या यन्त्र का जप मन्त्र :—

(१) ॐ भौं भीं श्रीं क्लीं स्वाहा।

(२) ॐ ह्रां ह्रीं नमो देवाधिदेवाय अरिष्टनेमिय अचिन्त्य चिन्तामणि त्रिभुवन

जगत्रय कल्पवृक्ष ॐ ह्रा ह्री समीहित सिद्धये स्वाहा।

